**खबर संक्षेप**

## छात्राओं को परेशान करने वाले तीन युवकों को भेजा जेल

**कटनी।** छात्राओं को परेशान करने वाले तीन युवकों पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है। मामला रीठी थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार यह घटना रीठी थाना अंतर्गत एक स्कूल के पास की बताई जा रही है। रोज़ की तरह कुछ स्कूली छात्राएं विद्यालय जा रही थीं, तभी तीन युवक जो अक्सर उसी रास्ते में मंडराते रहते थे। वे छात्राओं के साथ छींटाकशी करने लगे। छात्राओं ने इस घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। परिजनों ने थाना पहुँचकर इसकी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर थाना प्रभारी ने इस मामले को गंभीरता से लिया और तुरंत एक टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस की त्वरित कार्यवाही के तहत कुछ ही घंटों में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। तीनों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। तीनों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस ने छात्राओं एवं अभिभावकों से अपील की है कि यदि किसी तरह की परेशानी हो तो निःसंकोच होकर शिकायत करें।

### बहोरीबंद थाना क्षेत्र के पथराड़ी पिपरिया में हुआ हादसा, ग्रामीणों में आक्रोश

# विद्युत पोल से नीचे झूल रही थी तार, करंट से किसान की मौत पर चक्काजाम प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

दो विद्युत पोलों के बीच लटकती करंट प्रवाहित तार की चपेट में आने से एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा बहोरीबंद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम के पथराड़ी पिपरिया के मोटे हार में सोमवार शाम करीब 4.30 बजे हुई। जानकारी अनुसार पिपरिया निवासी आनन्द पिता मेवालाल 43 वर्ष मोटे हार में अपने खेत मे जुताई के लिए ट्रैक्टर निकालने के लिए जगह देखने गए थे । मेढ़ पर चलते समय वहां झूलती हुई बिजली की करंट प्रवाहित तार के संपर्क में आ गया। युवक के सिर में तार टच हो गई जिससे करंट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।



### खेत में पड़ा रहा किसान का शव

काफी देर के बाद आसपास के किसानों ने जब देखा तो आनन्द पटेल का शव खेत में पड़ा था। शाम के करीब 6 बजे शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहोरीबंद लाया गया। मंगलवार की सुबह डॉक्टरों द्वारा शव का पोस्टमार्टम कर उसे कफन दफन के लिए परिजनों के सुपुर्द किया किया गया। घटना की जानकारी मिलने पर बहोरीबंद पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### कनिष्ठ अभियंता को हटाया

किसान की मौत के बाद परिजनों एवं ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया। मंगलवार को ग्रामीणों ने शव को बहोरीबंद बस स्टैंड के सामने सड़क पर रख कर चक्का जाम प्रदर्शन किया। लगभग 2 घंटे तक चले विरोध प्रदर्शन के चलते सड़क में आवागमन बाधित रहा। ग्रामीणों द्वारा कार्यवाही की मांग की। ग्रामीणों का आरोप विद्युत विभाग की लचर कार्यप्रणाली के चलते 45 वर्षीय किसान की मौत हुई है। विरोध प्रदर्शन की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुँचे प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाइए दी। विरोध प्रदर्शन के चलते विद्युत विभाग के अधिकारियों ने तत्काल एक्शन लेते हुए बहोरीबंद कनिष्ठ अभियंता दिलदार डाबर को हटाया और जाँच टीम गठित की। ग्रामीणों को प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि दोषियो के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाई की जाएगी जिसके बाद ग्रामीण शांत हुए।

### शिकायत को किया अनसुना

ग्रामीणों और मृतक के परिजनों का कहना था कि दो खंभो के बीच खेत में बिजली का तार लटक रहा था। तार खेत की मेढ तक के करीब तक आ गया था जिससे कारण 45 वर्षीय मेवालाल उसकी चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। परिजनों व ग्रामीणों ने बताया कि झूलती हुई एवं जर्जर लाइन की शिकायत सीएम हेल्पलाइन के साथ ही मौखिक व लिखित माध्यम से कई बार की गई है लेकिन किसी ने भी ध्यान नहीं दिया। समय रहते अगर शिकायत पर संज्ञान लिया जाता तो युवक की मौत न होती।



## 62 लीटर देशी शराब के साथ युवक को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बिलहरी चौकी पुलिस ने एक युवक के पास से बड़ी मात्रा में देशी शराब जब्की है। पुलिस ने फायरिंग रेंज घुघरा इलाके में आरोपी को गिरफ्तार किया तथा 62 लीटर देसी प्लेन शराब बरामद की है, जिसकी कीमत लगभग 28,500 रुपये आंकी गई है। चौकी प्रभारी बिलहरी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति भारी मात्रा में अवैध शराब लेकर फायरिंग रेंज घुघरा क्षेत्र में बिक्री की तैयारी में खड़ा है।

सूचना की गंभीरता को देखते हुए चौकी प्रभारी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस बल के साथ मौके पर दबिश दी। झाड़ियों के पास एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम प्रमोद उर्फ लाला सिंह पिता राजेंद्र सिंह 33 वर्ष निवासी ग्राम बरखेड़ा बताया। उसके पास के थैले और पिट्ठू बैग में कुल 62 लीटर देशी प्लेन शराब पाई गई, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

कार्रवाई में कुठला थाना प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र मिश्रा, चौकी प्रभारी बिलहरी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय, सहायक उप निरीक्षक दामोदर राव, प्रधान आरक्षक संतोष प्रजापति, प्रधान आरक्षक भारत विश्वकर्मा, आरक्षक सौरभ जैन, आरक्षक दिलकेश्वर सिंह और आरक्षक संदीप भालवी की भूमिका रही।

# सुचारू कार्य व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा उपरान्त लिए गए निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम कार्यालय के माध्यम से प्रदाय की जाने सेवाओं सहित कार्यालयीन व्यवस्थाओं के सफल एवं सुचारू संचालन हेतु मंगलवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की अध्यक्षता में सामान्य प्रशासन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की जाकर विभिन्न प्रस्तावों पर विचार विमर्श कर समिति द्वारा निर्णय लिए गए।



समीक्षा बैठक में पूर्व बैठकों के कार्यवाही विवरण एवं विभागीय कार्यों के सफल संचालन हेतु प्रदाय किए गए आवश्यक निर्देशों की समीक्षा की गई। तदोपरांत महापौर श्रीमती सूरी द्वारा निगम के कार्यों एवं व्यवस्थाओं के कुशल संचालन हेतु नियमानुसार निर्धारित समय सीमा में सामान्य प्रशासन विभाग की बैठक आयोजित किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

महापौर श्रीमती प्रीति सूरी द्वारा बैठक के दौरान नगर निगम कार्यालय के माध्यम से प्रदाय की जाने वाली विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी उसका लाभ प्राप्त करने हेतु लगने वाले आवश्यक दस्तावेज एवं, कक्षों के माध्यम से प्रदाय की जाने वाली सेवाओं के नंबर एवं अधिकारियों के नाम की सूची का बोर्ड नगर निगम कार्यालय के सार्वजनिक स्थल में लगाने के साथ ही अधिकारियों कर्मचारियों के कार्य दायित्व की जानकारी उनके कक्ष के बाहर लगाने के निर्देश दिए गए।

### इन प्रस्तावों पर भी हुई चर्चा

बैठक के दौरान नगर निगम में स्वीकृत पदों की पूर्ति करने हेतु शासन से आवश्यक पत्राचार करने, अन्य विभागों में कार्यरत निगम के कर्मचारियों को वापस निगम कार्यालय बुलाने, निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के ड्रेस कोड लागू करने, न्यायालय में लंबित प्रकरणों पर शीघ्र कार्यवाही करने, शासकीय योजनाओं का नगर के सार्वजनिक स्थलों में प्रचार-प्रसार कराने, जनप्रतिनिधि प्रकोष्ठ के पत्राचारों पर समय-सीमा में कार्यवाही करने सहित अन्य प्रस्तावों पर चर्चा की जाकर आवश्यक निर्णय लिए गए।

समिति द्वारा इंग्लिश मीडियम स्कूल संचालन करने,नामकरण संबंधी प्रस्तावों पर त्वरित कार्यवाही करने,निगम कार्यालय के विभिन्न शाखाओं में आने वाले हितग्राहियों हेतु बैठक व्यवस्था किए जाने,निगम कार्यालय की अनुपयोगी सामग्री की नियमानुसार नीलामी किए जाने के निर्देश दिए गए ।वहीं समिति द्वारा पारित निर्णयों पर समय पर कार्यवाही न करने वाले संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारियों पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी होंगे नये एसडीएम कटनी



**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा प्रशासनिक एवं कार्यालयीन कार्य सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए पूर्व में जारी आदेशों में आंशिक संशोधन करते हुए प्रभारी डिप्टी कलेक्टरों के मध्य कार्य विभाजन करते हुए आगामी आदेश तक कार्य दायित्वों का निर्वहन करने का आदेश जारी किया है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा जारी आदेशानुसार प्रभारी डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कुमार मिश्रा को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी के दायित्वों से मुक्त कर प्रभारी डिप्टी कलेक्टर जिला कार्यालय कटनी का नवीन दायित्व सौंपा है। इसी प्रकार प्रमोद कुमार चतुर्वेदी प्रभारी डिप्टी कलेक्टर को प्रभारी डिप्टी कलेक्टर जिला कार्यालय कटनी के दायित्वों से मुक्त करते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी का नवीन दायित्व सौंपा है। कलेक्टर नें प्रदीप कुमार मिश्रा प्रभारी डिप्टी कलेक्टर द्वारा प्रमोद कुमार चतुर्वेदी प्रभारी डिप्टी कलेक्टर को सौंपे गये समस्त समस्त कार्य दायित्वों का संपादन करने हेतु निर्देशित किया है।

# आधार सेंटर में की जा रही मनमानी, 100 रूपए लेकर 50 की थमाई रसीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

आधार कार्ड बनाये जाने को लेकर सेंटर तहसील स्तर पर संचालित किए जा रहे है। आधार कार्ड बनाने के नाम व अपडेट कराने की एवज में आधार सेंटर संचालक मनमानी वसूली कर रहे है। ताजा मामला बहोरीबंद जनपद पंचायत कार्यालय में संचालित आधार सेंटर का सामने आया है जहां नया आधार कार्ड बनाने व अपडेट कराने के एवज में अधिक राशि वसूली जा रही है।



### पैसों को लेकर कहा सुनी

सोमवार को अंकिता ठाकुर नामक लड़की आधार कार्ड अपडेट कराने जनपद पंचायत कार्यालय स्थित आधार सेंटर पहुंची जहाँ आधार सेंटर संचालन कर्ता ने 100 रूपये लिए और 50 रूपये की रसीद थमा दी। जिसके बाद अंकिता ठाकुर ओर आधार सेंटर संचालनकर्ता के बीच कहासुनी हुई। अंकिता ठाकुर ने मीडिया के समक्ष आकर पूरी जानकारी दी जिसके बाद आधार सेंटर संचालन कर्ता की मनमानी सामने आई।

### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीएम राकेश चौरसिया का कहना है कि बहोरीबंद जनपद पंचायत कार्यालय आधार सेंटर पर आधार बनाने के नाम अधिक राशि लेने करने का मामला प्रकाश में आया है, मामले की जाँच कराई जाएगी, जाँच उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

## राइस मिल में लगी भीषण आग



**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र के लमतरा इंडस्ट्री एरिया में राइस मिल में लगी भीषण आग मौके पर फायर ब्रिगेड को दो वाहन पहुंचे आग बुझाने का कार्य जारी है बताया जा रहा है कि महालक्ष्मी इंडस्ट्री में अचानकसी अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई जिससे मिल में रखे करोड़ों रुपये के वारदाने सहित अनाज भी जल गया मौके पर कुठला पुलिस व दमकल दस्ता ने आग बुझाने मोर्चा सम्भाला हुआ है।

### बहोरीबंद में दस्तक अभियान का आगाज, 16 सितंबर तक चलेगा

# बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए घर- घर देंगे दस्तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण और उनमे होनी वाली बीमारियों की पहचान के लिए बहोरीबंद विकासखण्ड मैं दस्तक अभियान का आगाज मंगलवार से हुआ । दस्तक अभियान 16 सितंबर तक चलेगा। दस्तक अभियान के पहले दिवस अभियान के गठित दल मैं आगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा कार्यकर्ताओं ने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लेते हुए स्वास्थ्य परीक्षण किया।



बीपीएम डॉ अरुण शुक्ला ने बताया कि 45 दिनों तक चलने वाले इस अभियान में विकासखण्ड का कोई बच्चा छूटने न पाए इसके लिए हर घर पर दस्तक दी जायेगी। कहीं किसी बच्चे में किसी भी प्रकार के रोग के लक्षण है तो उनके समुचित ईलाज का प्रबंध होगा। अभियान के लिए विकासखण्ड में 38 दल गठित किये गए ।प्रत्येक दल मैं 5 -5 सदस्य है।कार्यक्रम की सतत मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

दस्तक टीम के दल ने घर वालो को भी परामर्श दिया कि यह एक महत्वपूर्ण अभियान है जिसके माध्यम से हम न सिर्फ बच्चों में होने बाली बीमारियों को समय पर पहचान कर बच्चों की मृत्यु दर में कमी ला सकते हैं साथ ही विटामिन-ए व आयरन सिरप के माध्यम से उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर संभावित खतरों से उनको सुरक्षित रख सकते हैं।

इस बार अभियान मे बदलाव किया गया है जिसके चलते मंगलवार ओर शुक्रवार को टीकाकरण स्थल पर अभियान के तहत बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा। यदि कोई बच्चा छूट जाता है तो फिर उसके दूसरे दिवस उसका स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा। ऐसे गाँव या मजरे टोले जहाँ स्वास्थ्य परीक्षण केंद्रों मे बच्चें नहीं आ सकते है तो फिर दल उस गाँव, मजरे या टोला मे जाकर घर-घर दस्तक देगा। बीएमओ डॉ आनंद अहिरवार ने कहा कि दस्तक अभियान एक महत्वपूर्ण अभियान है। इस अभियान में विकासखण्ड का कोई बच्चा छूटने न पाए। कहीं किसी बच्चे में किसी भी प्रकार के रोग के लक्षण है तो उनके समुचित ईलाज का प्रबंध रहेगा।अभियान के माध्यम से हम न सिर्फ बच्चों में होने बाली बिमारियों को समय पर पहचान कर बच्चों की मृत्यु दर में कमी ला सकते हैं साथ ही विटामिन-ए व आयरन सिरप के माध्यम से उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर सुरक्षित करना है।



## खबर संक्षेप

### पुलिस, नगर निगम और जिला पंचायत ने भी हासिल किया ए ग्रेड

**कटनी।** सीएम हेल्पलाइन की संतुष्टिपूर्ण शिकायतों के निपटारे के मामले में कटनी जिले के पुलिस विभाग को पांचवां स्थान मिला है। पुलिस विभाग ने जून माह में 737 शिकायतों में से 53 वेटेज स्कोर के साथ संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर ए ग्रेड हासिल किया। जबकि सीएम हेल्पलाइन की संतुष्टिपूर्ण शिकायतों के निपटारे के मामले में जिला पंचायत को सातवां स्थान मिला है। जिला पंचायत अपने समूह में 51.33 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड में तथा नगर निगम द्वारा सातवें स्थान पर रहकर जून माह में प्राप्त 583 शिकायतों का 55.47 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल किया है। इस प्रकार जहां कटनी पुलिस ने कुल 87.68 वेटेज स्कोर हासिल किया है। वहीं जिला पंचायत ने 88.17 वेटेज स्कोर और नगर निगम ने 93.64 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड अर्जित किया है। कलेक्टर श्री यादव ने इन सभी विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लगनशीलता की सराहना की है।

### खदान श्रमिकों के बच्चों को मिलेगी छात्रवृत्ति

**कटनी।** मान्यता प्राप्त शिक्षण-संस्थाओं में अध्ययनरत राज्य के बीड़ी, चूना पत्थर, डोलोमाईट व लौह-मैग्नीज-क्रोम अयस्क खदान श्रमिक एवं उनके पुत्र-पुत्रियों को शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए ₹शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता योजना₹ के अंतर्गत कक्षा 1 से लेकर उच्च शिक्षा तक के छात्रों को 1 हजार रूपये से लेकर 25 हजार रूपये तक छात्रवृत्ति दी जा रही है। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र छात्र-छात्राओं के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन करने की प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। प्री. मेट्रिक हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्ती एवं पोस्ट मेट्रिक हेतु 31 अक्टूबर है। छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करने के लिए ओ.टी.आर (वन टाइम रजिस्ट्रेशन) व फेस ऑथेंटिकेशन प्रक्रिया पूरी करना अनिवार्य है। आवेदन की पात्रता व संबंधित अन्य जानकारी एवं शर्ते नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर उपलब्ध है।

### कलेक्टर के नाम की फर्जी फेसबुक अकाउंट से रहें सतर्क

**कटनी।** सोशल मीडिया पर एक फर्जी फेसबुक प्रोफाइल सक्रिय है, जो खुद को कटनी कलेक्टर दिलीप कुमार यादव आईएएस बताकर लोगों से संपर्क कर रही है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के नाम से फर्जी फेसबुक प्रोफाइल के माध्यम से लोगों को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है। इस संबंध में कलेक्टर श्री यादव ने पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा को जानकारी देते हुए साइबर सेल के माध्यम से नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करने कहा है। कलेक्टर ने फर्जी फेसबुक अकाउंट से जनता को सतर्क और सावधान रहने की अपील की है। कलेक्टर श्री यादव ने बताया कि मेरे नाम और फोटो का दुरुपयोग करते हुए किसी ने यह फर्जी फेसबुक आईडी बनाई है। फर्जी फेसबुक आईडी का यूआरएल है। यह आईडी पूरी तरह से फर्जी है और इसके माध्यम से ठगी की भी कोशिश की जा सकती है। आम जनता को धोखाधड़ी से बचाने के लिए कलेक्टर श्री यादव ने लोगों से अपील की है ,कि इस फर्जी अकाउंट से भेजी गई फ्रेंड रिक्वेस्ट को कदापि स्वीकार न करें और किसी भी प्रकार के लेन-देन में शामिल न हों। पुलिस विभाग के साइबर सेल ने कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के नाम से बनीं फ़र्जी फेसबुक अकाउंट को हटाने के लिए फेसबुक के कैलीफोर्निया यूएसए कार्यालय से पत्राचार किया है।

### चलाया सफाई अभियान

**कटनी।** नगर निगम द्वारा शहर को साफ एवं स्वच्छ रखने हेतु रोजाना दो शिफ्ट में की जानें वाली सफाई व्यवस्था के अंतर्गत नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के सार्वजनिक मार्गो, बाजार क्षेत्रों, डिवाईडर सहित अन्य स्थलों के सफाई कार्य किया गया। निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर रोजाना की जानें वाली सफाई व्यवस्था के तहत विगत रात्रि बस स्टेंड परिसर, मैकेनिक लाइन, स्टेशन रोड, सुभाष चौक, गोल बाजार, कपड़ा बाजार, झंडा बाजार सहित अन्य स्थलों में झाडू लगाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया।

**स्लीमनाबाद तहसील में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उदासीनता बनी लोगों की मुसीबत**

# बस स्टैण्ड नहीं होने से सड़क किनारे कहीं भी खड़ी हो रही बसें, प्रतीक्षालय नहीं होने से यात्री होते हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद




जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उदासीनता के चलते दशकों बाद भी आम नागरिक एवं यात्रियों को सुविधाओं से महरूम होना पड़ रहा है। नेताओं द्वारा भले चहुंमुखी विकास एवं लोगों को बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराये जाने का राग अलापा जा रहा है लेकिन जमीन स्तर पर हकीकत कुछ और ही है। तहसील मुख्यालय स्लीमनाबाद में आज तक स्थायी बस स्टैण्ड नहीं बनाया जा सका जिसके चलते न सिर्फ यात्रियों को धूप एवं बारिश में बसों का इंतजार करना पड़ता है।

### कहीं भी खड़ी कर देते हैं बसें

बसों को भी सड़क किनारे या तिराहों में खड़ा कर यात्रियों को उतारा एवं चढ़ाया जाता है। बस चालक अपनी सुविधा अनुसार कहीं भी बस को खड़ा करते हैं इससे न सिर्फ जाम की स्थिति निर्मित होती है वरन हादसे होने का भी खता बना रहता है। स्लीमनाबाद तिराहा में अघोषित रूप से अस्थायी बस स्टेंड में अव्यवस्था और गंदगी का आलम है। यहां से यात्री बसें जिले के विभिन्न क्षेत्रों के लिए जाती है। यहां यात्री वाहन निकलने के बाद अधिकांश क्षेत्रों में अपना अस्थाई अघोषित बस स्टाप बना लिए है। करीब एक से डेढ़ किमी तक यात्री वाहन रूक-रूक कर मार्ग से सवारियां बैठाकर आगे बढ़ते है जिसके कारण यातायात बाधित होता है। वर्तमान मे स्लीमनाबाद से होकर गुजरने वाले मार्ग मैं ट्रैफिक का दवाब अधिक है।

### आवागमन होता है बाधित

गौरतलब है कि स्लीमनाबाद तिराहा में स्थाई बस स्टैंड का निर्माण मुख्य तिराहा में नहीं है जिस कारण अस्थाई तौर पर बस स्टेंड का संचालन तिराहे से होता है जो अव्यवस्थाओं से घिरा हुआ है। यहां से यात्री बसें रवाना होने के बाद मुख्य मार्गों में खड़ी हो रही है। यात्रियों के इंतजार में धीमी गति से यात्री बसे नगर के बाहर निकलने में करीब 15 मिनट का समय लगा रही है। बस संचालको ने अघोषित बस स्टाप भी बना रखें है। बस स्टैंड को छोड़ कर मुख्य मार्ग पर ऑटो रिक्शा स्टैंड में बसे खड़ी की जा रही है। इन यात्री बसों के लिए जिला प्रशासन ने कोई नियम कायदे ही नहीं बनाए है जिसके कारण यातायात बाधित हो रहा है।

### यात्री प्रतीक्षालय की दरकार

स्लीमनाबाद तहसील मुख्यालय होने के बाबजूद अभी विकास को लेकर कार्यो की जरूरत है। स्लीमनाबाद अपने कामकाज को लेकर 81 गांव के ग्रामीणजन आते है जिन्हें सुविधाओं के अभाव में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्लीमनाबाद तिराहा में सामुदायिक स्वच्छता परिसर की नितांत आवश्यकता है लेकिन न होने से ग्रामीणजन परेशान होते है। सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं को होती है। वही यात्री प्रतीक्षालय न होने से वर्षा काल मे यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ती है। यात्री प्रतीक्षालय न होने की स्थिति मे वर्षा काल मे बारिश से सिर छिपाने परेशान होना पड़ता है। यात्री होटलों व दुकानों में छिपते नजर आते है।

इस संबंध मे जनपद सीईओ अभिषेक कुमार का कहना है कि स्लीमनाबाद में विकास कार्यो की क्या आवश्यकता है, इसकी जानकारी ली जाएगी व कार्ययोजना तैयार की जाएगी। सामुदायिक स्वच्छता परिसर सहित छाव के लिए यात्री प्रतीक्षालय की जो मूलभूत आवश्यकता है उसकी योजना बनाकर जिला प्रशासन को भेजी जाएगी।

### इनका कहना है

बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडेय का कहना है कि स्लीमनाबाद मे स्थाई बस स्टेंड का निर्माण हो इसके लिए वहां के स्थानीय जनप्रतिनिधियों के बैठकर चर्चा की जाएगी जिसमें भूमि स्थल सहित अन्य जरूरी बाते होंगी। स्लीमनाबाद मे बस स्टेंड का निर्माण हो इसके लिए प्रयासरत रहेंगे।

### मारपीट का वीडियो हुआ वायरल, एक पकड़ाया

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत नई बस्ती में एक युवक के साथ हुई मारपीट का घटनाक्रम एक दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार नई बस्ती निवासी नरेंद्र पंजवानी रविवार रात लगभग 11 बजे खाना खाने के बाद अपने घर के बाहर टहलने निकले थे। उसी दौरान अचानक क्षेत्र के ही दो युवकों ने उन पर हमला कर दिया। हमलावरों में आशु बालानी नामक युवक की पहचान हुई है, जो अपने एक अन्य साथी के साथ नरेंद्र पंजवानी पर टूट पड़ा और बिना किसी स्पष्ट कारण के बुरी तरह से मारपीट की। घटना की सूचना पीड़ित नरेंद्र ने कोतवाली थाने में दी, जिसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मौके का निरीक्षण किया और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर एक आरोपी आशु बालानी को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली प्रभारी अजय सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी द्वारा पूर्व विवाद के चलते हमला किया गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई प्रारंभ कर दी है, वहीं दूसरे आरोपी की तलाश जारी है।

**नशामुक्ति अभियान के तहत विद्यार्थियों को किया गया जागरूक**

# नशे का सेवन करने से धन हानि के साथ ही परिवार भी टूटते हैं, इससे दूर ही रहें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन क्लब द्वारा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में नशामुक्ति भारत अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पोस्टर, स्लोगन, लघु फिल्म प्रदर्शन के माध्य म से विद्यार्थियों को नशे के विरूद्ध जागररूक किया गया। साथ ही समाज को नशा मुक्तय बनाने की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में डॉ. अरविंद सिंह ने समाज में बढ़ती मद्यपान और नशीली दवाओं, मादक पदार्थों के दुष्परिणामों से युवाओं, विद्यार्थियों और समाज को अवगत कराते हुये कहा कि नशे के कारण न सिर्फ धनहानि होती हैं, बल्कि परिवार भी टूटते हैं। इसलिए हमें खुद भी नशे से दूर रहना चाहिए और दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना चाहिए। नशा मुक्त समाज ही आदर्श समाज होता है।

कार्यक्रम में प्रेरक लघु फिल्म के प्रदर्शन द्वारा बताया गया कि समाज में नशे से ग्रस्त कोई भी व्यक्ति यदि नशे की आदत से छुटकारा पाना चाहता है, तो वह अपने आस-पास या जिला मे स्थापित नशा मुक्ति केंद्र में संपर्क कर सकता है और संवाद या इलाज के माध्यम से नशे से छुटकारा पा सकता है। साथ ही लोगों को नशे से दूर रहने के लिए चलाये जा रहे जागरूकता अभियान को सफल बनाने में अपनी सहभागिता देने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी द्वारा नशे के दुष्प्रभावाओं की भी जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न प्रकार के मद्यपान से होने वाली बीमारियों से भी अवगत कराया गया। उन्होंलने कहा कि नशा नाश का कारण होता है इसलिए कभी भी समाज के युवाओं को नशे की ओर नहीं भटकना चाहिए क्योंकि जो एक बार नशे की गिरफ्त में आ जाता है उससे आसानी से उबर नहीं सकता है।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी द्वारा रा. से. यो. स्वयंसेवकों, विद्यार्थियों एवं उपस्थित स्टाफ के सदस्यों को मद्यपान निषेध की शपथ भी दिलाई गई। साथ ही सभी से नशामुक्त समाज बनाने मे अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

### छात्रावास में घुसकर लाठीचार्ज के विरोध में किया प्रदर्शन




प्रदेश के हरदा में रापजूत समाज करणी सेना और राजपूत छात्रावास में घुसकर पुलिस द्वारा छात्र-छात्राओं पर लाठी चार्ज किए जाने के विरोध में मंलगवार को करणी सोना के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। विरोध प्रदर्शन के दौरान करणी सेना के पदाधिकारियों ने हरदा जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के खिलाफ नारेबाजी की । ज्ञापन में पूरे प्रकरण की न्यायिक जांच कार्रवाई किए जाने, जांच पूरी होने तक हरदा के पुलिस अधीक्षक, कलेक्टर सहित थाना प्रभारी को प्रशासनिक दायित्वों से हटाने, राजपूत भाईयों पर हमला करने वाले पुलिस कर्मियों पर भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत कार्रवाई किए जाने, हमला करने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने, निर्दोष व्यक्तियों पर लगाए गए मामलों को वापस लिए जाने सहित अन्य मांगे शामिल है। विरोध प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने के दौरान काफी संख्य में करणी सेना के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में कटनी टॉप 5 जिलों में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के मामले में प्रदेश के 28 जिलों के प्रथम समूह में कटनी जिला टॉप 5 जिले में शामिल है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के नियमित अनुश्रवण और पर्यवेक्षण की वजह से कटनी जिले ने प्रथम समूह के 28 जिलों में चतुर्थ स्थान अर्जित किया है। राज्य शासन द्वारा सोमवार को प्रदेश के जिलों की सीएम हेल्पलाइन के शिकायतों के निराकरण के आधार पर जारी की गई ग्रेडिंग में कटनी जिले ने 85.41 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल कर चौथा स्थान अर्जित किया है।

कटनी जिला प्रथम समूह के 28 जिलों में चौथे स्थान पर रहा है। कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने विभागों के अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में और अधिक संवेदनशीलता के साथ परिणामोन्मुखी प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। जिले में बीते जून माह में प्राप्त कुल 9 हजार 197 शिकायतों में से 85.41 वेटेज स्कोर के साथ जिले ने ए ग्रेड हासिल कर 51.34 वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया गया।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री यादव के द्वारा सीएम हेल्पलाइन की निरंतर समीक्षा के परिणामस्वरूप कटनी जिला पिछले 12 माहों से लगातार प्रदेश के 5 अग्रणी जिलों में शामिल है।

### आमजन का बढ़ता है भरोसा

इस उपलब्धि पर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जिला प्रशासन के अमले को शाबाशी देते हुए भविष्य में भी इसी जोश और जज्बे के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन प्रशासन में शुचिता, पारदर्शिता तथा सुशासन का बेहतर माध्यम होने के साथ ही आमजन की समस्याओं के निराकरण का भी अच्छा माध्यम है। उन्होंने कहा कि हमारा सदैव यह प्रयास होना चाहिए कि लोगों की शिकायतों और समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण कर उन्हें सहूलियत दी जाए। शिकायतों के त्वरित और संतुष्टिपूर्ण निराकरण से आमजन का प्रशासन पर भरोसा बढ़ता है।

**निगमायुक्त ने कहा लापरवाही करने वालों की रूकेगी वेतनवृद्धि**

# निर्धारित लक्ष्य अनुरूप वसूली नहीं करने वाले दो कर्मचारियों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली कार्य नहीं करने वाले कर्मचारी अब सतर्कता से कार्य करें, वसूली कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उक्त निर्देश निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे ने मंगलवार को नगर निगम के राजस्व विभाग की वसूली कार्य की समीक्षा के दौरान दिए। इस दौरान राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक मौजूद रहे।

### दी गई सख्त हिदायत

निगमायुक्त द्वारा चालू वर्ष में राजस्व कर्मचारियों द्वारा अब तक की गई कुल वसूली एवं विगत 3 वर्षों में राजस्व विभाग द्वारा की गई वसूली पत्रक की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली नहीं करने वाले राजस्व वसूलीकर्ताओं पर नाराजगी व्यक्त की जाकर कार्य में तेजी लाते हुए शत-प्रतिशत वसूली करने की सख्त हिदायत दी। निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे नें समीक्षा के दौरान नगण्य वसूली वाले दो कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा वसूली कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही करने वाले कर्मचारियों की वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक को दिए।

### दैनिक लक्ष्य करें निर्धारित

निगमायुक्त ने राजस्व अधिकारी को वूसली का दैनिक लक्ष्य निर्धारित करने हेतु निर्देशित किया जाकर सभी उपस्थित सभी राजस्व निरीक्षक, उप-निरीक्षकों को रोजाना वार्डो में भ्रमण कर भवन एवं दुकान स्वामियों से संपर्क करते हुए निर्धारित लक्ष्य अनुरूप वसूली के प्राथमिक कर्तव्यों का पालन करते हुए प्रतिदिन की वसूली को संधारित डायरी में रोजाना अपडेट करने की हिदायत दी। निगमायुक्त ने बैठक में ई-केवाईसी कार्य की समीक्षा कर कार्य में प्रगति लाते हुए शेष कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश राजस्व विभाग के कर्मचारियों को दिए। बैठक के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी सगर नायक सहित समस्त राजस्व निरीक्षक, उप-निरीक्षक एवं राजस्व विभाग के अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

**कलेक्टर से 208 आवेदकों ने बताई अपनी समस्याएं, निराकरण के निर्देश**

# जन सुनवाई में विद्युत एवं जमीन से संबंधित आई अधिक शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 208 आवेदकों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। यह जनसुनवाई जिला मुख्यालय से लेकर अनुविभाग, तहसील और विकासखंड मुख्यालय सहित ग्राम पंचायतों में भी आयोजित की गई।

इस दौरान अपर कलेक्टर साधना परस्ते, संयुक्त कलेक्टर संस्कृति लटोरिया और डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी एवं ज्योति लिल्हारे मौजूद रहे।

जनसुनवाई के दौरान ग्राम चहला निवासी सत्य भान केवट पिता हरछटिया केवट ने आवेदन देते हुये बताया कि मेरे दादा सुंदर लाल ने वर्ष 1992 में तहसील विजयराघवगढ़ में पटवारी हल्कां नंबर 56 के अंतर्गत नन्हूावा पिता दीनबंधा चौधरी से रजिस्ट्री के माध्यम से भूमि क्रय किया था। परंतु, तत्कालीन पटवारी ने नामांतरण न कर केवल बैनामा संशोधन कर दिया था। वर्तमान में विक्रेता नन्हेवा चौधरी के वारसान में भोला, गिल्ला, मीरा, नीता, सुमन, शुभा एवं बबिया चौधरी का भी नाम जुड़ गया है। इसलिये बैनामा के आधार पर जमीन का नामान्तरण हमारे नाम पर करवायें। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम को निश्चित समय में कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### विद्युत विभाग द्वारा स्वी कृत कार्य पूर्ण करायें

जनसुनवाई के दौरान वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद ओमप्रकाश सोनी ने बताया कि वार्ड क्रमांक 4 के अंतर्गत बालाजी नगर एवं शिवाजी नगर में वर्ष 2018-19 में विद्युत पोल, लाइन एवं स्ट्रीट लाइटिंग से संबंधित तीन योजनायें स्वी कृत हुई थी। जिसके लिये नगर निगम द्वारा सुपरविजन शुल्कं सहित जीएसटी भुगतान कर दिया गया था। परंतु, विभागीय अधिकारियों द्वारा आज तक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने विद्युत विभाग को निश्चित समयावधि में नियमानुसार कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए।

### गुंडागर्दी से बचायें

जनसुनवाई के दौरान ग्राम मोहास निवासी कौरेया चौधरी ने बताया कि मेरी पैतृक भूमि जिसका खसरा नंबर 6 है, पर ठेकेदार द्वारा जबरन पाईप डालने हेतु गड्ढा किया जा रहा है एवं मना करने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इसलिए ठेकेदार की गुंडागर्दी से बचायें एवं न्याय दिलायें। इस पर कलेक्टरर श्री यादव ने जल निगम को समय-सीमा में आवश्यवक कार्यवाही कर शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिये।

### आवास योजना का लाभ दिलाने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में महाराणा प्रताप वार्ड निवासी नेहा राजपूत, रानीबाई, सुमन विश्वेकर्मा एवं अन्यम ने प्रधानमंत्री आवास दिलाये जाने की मांग करते हुये कहा कि हम सभी यहां पिछले 50 वर्ष से निवास कर रहें हैं। हमारे पास भूमि का पट्टा है एवं टैक्सो भी जमा करते हैं। परंतु, हमें आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस पर कलेक्टरर श्री यादव ने नगर निगम को पात्रतानुसार आवास योजना का लाभ दिलाये जाने के निर्देश दिये।

# रंगनाथ मंदिर में झूलन महोत्सव का आयोजन 3 अगस्त से होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

श्री गरुड़ध्वज वैदिक शिक्षा समिति, रंगनाथ सेवा समिति एवं श्यामा श्याम रामायण मंडल के संयुक्त तत्वावधान में रंगनाथ मंदिर परिसर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी झूलन महोत्सव धूमधाम से मनाए जाने को लेकर रविवार को एक आवश्यक बैठक हुई जिसमें परंपरा अनुसार इस वर्ष भी 3 अगस्त से 9 अगस्त तक झूलन महोत्सव पूर्ण भव्यता एवं उत्साह के साथ मनाये जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

निर्धारित कार्यक्रम अनुसार प्रतिदिन संध्या 7 बजे से 10 तक भगवान का चल विग्रह सुसज्जित झूले में पधरवाकर मधुर संकीर्तन के साथ झूला झुलाया जायेगा। 3 अगस्त 2025 को श्री राघव आनंद रामायण मंडल की ओर से, 4 अगस्त परम भागवत श्री मथुरा प्रसाद सोनी परिवार की ओर से, 5 अगस्त को श्यामा श्याम रामायण मंडल की ओर से, 6अगस्त को राधारानी रामायण मंडल की ओर से, 7 अगस्त को राधावल्लभ संकीर्तन मण्डल की ओर से, 8 अगस्त को बालबजरंग रामायण मंडल की ओर से एवं 9 अगस्त को श्री रंगनाथ मन्दिर परिवार की ओर झूला महोत्सव मनाया जाएगा। गौरतलब है कि झूला महोत्सव, जिसे झूलन यात्रा या हिंडोला भी कहा जाता है, एक हिंदू त्योहार है जो भगवान कृष्ण और देवी राधा को समर्पित है।

यह त्योहार सावन के महीने में विशेष रूप से श्रावण शुक्ल पक्ष की एकादशी से पूर्णिमा तक भारत में मनाया जाता है। इस दौरान मंदिरों में भगवान कृष्ण और राधा की मूर्तियों को विशेष रूप से सजाए गए झूले में झुलाया जाता है। यह त्योहार भगवान कृष्ण और राधा के प्रेम और लीलाओं का उत्सव है। यह त्योहार परिवार और दोस्तों के बीच प्रेम और संबंध को मजबूत करने का एक अवसर है।

**खबर संक्षेप**

## खेत में कीटनाशक छिड़काव के दौरान करंट से किसान की मौत

छतरपुर।

सटई थाना की पड़रिया चौकी अंतर्गत टपरियन गांव में एक युवा किसान की करंट की चपेट में आने से दुखद मौत हो गई। बताया गया है कि अनेक पुत्र नन्नू यादव उम्र 22 वर्ष, सुबह 8 बजे अपने खेत में कीटनाशक दवा का छिड़काव करने गया था। इसी दौरान मोटर पंप के लिए बिछाए गए विद्युत तार की चपेट में आने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। परिजन पप्पू यादव ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही परिवार और ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक अनेक की मृत्यु हो चुकी थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाया गया है।

## बस स्टैंड से हटाई गई शराब की दुकान

**हरपालपुर।** नगर के बस स्टैंड पर स्थित शराब दुकान का स्थानांतरण किए जाने के बाद ब्रह्माकुमारीज आश्रम, कॉलोनीवासियों और नगर की जनता ने प्रशासन, विधायक और पत्रकारों के सहयोग की सराहना की। ब्रह्माकुमारीज आश्रम परिवार, कॉलोनी निवासियों और हरपालपुर की जनता ने बस स्टैंड पर शराब की दुकान के स्थानांतरण के लिए कलेक्टर, एसडीएम, पूरे प्रशासन और क्षेत्रीय विधायक का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

उज्जैन की तर्ज पर निकाली गई शाही सवारी, दर्शन करने उमड़े भक्त, जगह जगह हुआ स्वागत

# पालकी में सवार होकर नगर का हाल जानने निकली पिपलेश्वर महादेव की शाही सवारी







हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

सावन में तेन्दूखेड़ा नगर में हर तरफ शिव भक्ति की गंगा बह रही है सावन के दूसरे सोमवार को तेन्दूखेड़ा नगर में बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन की झलक नजर आई है तो वहीं घरों और मंदिरों में मिट्टी के पार्थिव शिवलिंग बनाकर विधि-विधान से पूजन किया गया। शाम को गौरया नदी में विसर्जित किए गए नगर के थाना परिसर स्थित पिपलेश्वर महादेव मंदिर सुबह से ही दर्शनों भक्तों द्वारा मिट्टी के पार्थिव शिवलिंग बनाकर विधि-विधान से पूजन कर महाअभिषेक किया गया। हवन पूजन हुआ शाम को नगर में उज्जैन की तर्ज पर भोलेनाथ की शाही सवारी निकाली गई भगवान शिव की पालकी के दर्शन करने बड़ी संख्या में भक्त उमड़ पड़े भगवान शिव के साथ उनके गण और साधु-संत भी शाही सवारी में चल रहे थे। पूरा नगर शिवमय हो गया है मार्गों पर भक्तों द्वारा पुष्प वर्षा कर और दीप आरती कर भगवान शिव का स्वागत किया ढोल धमाल बैड बाजे व झांकी के साथ पिपलेश्वर महादेव नगर की जनता का हाल जानने निकले शाही सवारी का जगह-जगह स्वागत कर भोलेनाथ का पूजन किया गया। शाही सवारी थाना परिसर से भ्रमण करते हुए विद्यानगर मुख्य मार्ग होते हुए बड़ी खेरमाई मंदिर पहुंची जहां पर यात्रा का समापन हुआ और पार्थिव शिवलिंगों के विसर्जित किए गए शाही सवारी में अलग अलग वेशभूषा में भोलेनाथ के गणों की जीवंत झांकियां भी चल रही थी। शाम को पिपलेश्वर महादेव की महाआरती की गई जिसमें हजारों भक्तों ने पहुंचकर आरती का लाभ उठाया और महादेव का आशीर्वाद प्राप्त किया और भक्तों को महाप्रसाद वितरित किया गया।

### दर्शन की होड़ और कंधे पर उठाने को आतुर थे भक्त

100 साल से भी पुराने प्राचीन पिपलेश्वर महादेव मंदिर से पालकी पर विराजमान महादेव की शाही सवारी ने नगर का भ्रमण किया जिस पालकी पर महादेव सवार थे। एक बार उस पालकी को अपने कंधे पर उठाने शिवभक्त आतुर दिखाई दिए। पालकी में विराजे पिपलेश्वर महादेव के दर्शन के लिए सड़कों पर होड़ लगी रही।

### महाअभिषेक पार्थिव शिवलिंग निर्माण

पावन श्रावण मास के दूसरे सोमवार को नगर के और भी शिवालयों में श्रद्धालुओं ने विधि विधान से पूजन अर्चन एवं जलाभिषेक कर सुख समृद्धि की कामना की। सावन सोमवार के व्रत के साथ शिवभक्त विधि विधान से अपने अपने घरों में पार्थिव शिवलिंग बनाकर पूजन कर रहे हैं। नगर व क्षेत्र के सभी शिव मंदिरों में सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ देखने मिल रही है।

# निः शुल्क मोतियाबिंद आपरेशन नेत्र शिविर सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया



सुख सागर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल जबलपुर एवं द्वारकाधीश फाऊंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय बस स्टैंड परिसर में मंगलवार को एक दिवसीय निः शुल्क मोतियाबिंद नेत्र जाँच ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर आयोजक शानु खान एवं सुजात खान ने बताया शिविर मे आखों से सम्बन्धित रोगों के नगर एवं आसपास के ग्रामों के 22 मरीजों की दृष्टि दोष विशेषज्ञ डॉ पवन यादव, नर्सिंग स्टाफ से नीरज कुशवाहा व्दारा जांच की गई। शिविर मे पायलट अभिजीत भी मौजूद रहे। डॉ पवन यादव ने बताया कि हिण्डोरिया मे आयोजित इस दूसरे शिविर में मोतियाबिंद, रेटिना, कॉर्निया अकसूर जैसे नेत्र रोग से पीड़ित रोगियों की जांच की गई। एवं उचित परामर्श भी दिया गया। शिविर में मोतियाबिंद के निः शुल्क नेत्र आपरेशन हेतु 12 मरीजों का चयन कर उन्हें सुख सागर मेडिकल कॉलेज एण्ड अस्पताल के वाहन से जबलपुर भेजा गया। इन सभी मरीजों का उपचार आयुष्मान कार्ड के माध्यम से निः शुल्क किया जायेगा। अस्पताल की ओर से इन सभी मरीजों के भोजन, आवास, दवा एवं आने- जाने की व्यवस्था निः शुल्क रहेगी।

## नशे से दूरी है जरूरी अभियान का आयोजन



**फतेहपुर।** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत नशे से दूरी है जरूरी कार्यक्रम का आयोजन मगरोन थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम फतेहपुर में आयोजित किया गया जिसमें ग्रामीण को आमंत्रित किया गया। ग्रामीणों में पूर्व सरपंच गोरेलाल पटेल, नीरज तिवारी, प्रदीप साहू, विनोद तिवारी आदि की मौजूदगी रही। आमजन से कहा गया नशे से दूर रहें नशे से परिवार बर्बाद हो जाता है व नशा नाश की जड़ है। इससे दूर रहें और लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करें। चौकी प्रभारी रघुवीर सिंह प्रधान आरक्षक नीरज राय आरक्षक रामकिशोर अहिरवार एवं समस्त पुलिस स्टाफ द्वारा समझाएं दी।

## स्व रामलाल पटेल जी के नाम से हो काइखेड़ा स्कूल-

**दमोह।** हटा ब्लाक के काईखेड़ा हाई स्कूल का नाम स्व रामलाल जी पटेल के नाम से हो और उनकी एक प्रतिमा भी स्कूल परिसर में स्थापित हो उक्ताशय की मांग हटा बीईओ बी एल विदोल्या ने हटा विधायक उमादेवी खटीक के समक्ष रखी। हटा विधायक काइखेड़ा हाईस्कूल में साइकिल वितरण कार्यक्रम में पँहुची थी, स्व रामलाल पटेल जी के शिक्षा के क्षेत्र में योगदान और स्कूल भवन के लिए भूमि दान देने का जिक्र करते हूए उन्हें स्मरण किया गया। हटा विधायक उमादेवी खटीक ने बीइओ की मांग का स्वागत किया और जल्द उचित प्रयास का भरोसा मंच से दिया,हटा विधायक ने उनके कार्यकाल की सराहना की।

# नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा के लिए निःशुल्क कोचिंग प्रारंभ



**तेंदूखेड़ा।** क्षेत्र में शिक्षा के स्तर में सुधार लाने एवं क्षेत्र के बच्चों को नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित कराने और उनके मानसिक विकास के लिए जबेरा 56 विधायक एवं प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी ने अपनी ओर से एक शिक्षा के क्षेत्र में अच्छी पहल की है। इस महत्वपूर्ण पहल के लिए मंत्री जी ने क्षेत्र बच्चों के अभिभावकों एवं लोगो द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की जा रही है। मंत्री जी ने अपने क्षेत्र की शिक्षा में सुधार लाने के लिए अपने अनुज सत्येंद्र सिंह कोई है जिम्मेदारी सौंप है क्यों बखूबी इस कर को अंजाम दे रहे हैं उनके द्वारा विधानसभा में अनेक जगह निशुल्क कोचिंग की निशुल्क शिक्षण व्यवस्था के साथ चल रही है। इससे बच्चों का मानसिक विकास होगा साथ ही हमारे क्षेत्र के बच्चे अच्छे तरीके से प्रतियोगी परीक्षाओं में आने वाली दिक्कतों को समझकर दूर कर सकेंगे इसके लिए उन्हें शिक्षा के साथ मार्गदर्शन की अति आवश्यकता है। इस व्यवस्था से बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छे ढंग से सहभागिता कर सकेंगे पूर्व में इसके लिए उन्होंने क्षेत्र के निजी स्कूलों एवं शासकीय की विद्यालयों के शिक्षकों से भी इस महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा की। इसके बाद मंगलवार से सेलवाडा में नवोदय विद्यालय में परीक्षा की तैयारी के लिए बच्चों को निशुल्क पढ़ाया जा रहा है। इस संबंध में सैलवाडा ग्राम की सरपंच नीतू साहू ने बताया कि इस निःशुल्क कोचिंग का बैच नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा के लिए शुरू किया गया है, जिसमे मंत्री जी के अनुज सतेंद्र सिह के इस महत्वपूर्ण कार्य की प्रशंसा हो रही है। छात्रों के पालकों से जब इस संबंध में चर्चा हुई तो पालकों के द्वारा इस पहल का पूर्ण ह्रदय से स्वागत किया। सुबह 8 से 9 तक 1 घंटे के लिए शिक्षक अब बच्चों को नवोदय परीक्षा की तैयारी करेंगे मंगलवार से बच्चों की नि ः शुल्क कोचिंग शुरु कर दी गई।

## दुर्घटना से बचाने गायों को पहनाई रेडियम पट्टी



**दमोह।** हिंदू समाज युवाओं के द्वारा जिसमें गौ माता को रेडियम पट्टी पहनाने के संबंध में यह एक अच्छी पहल शुरुआत थी जो सड़क दुर्घटनाओं को कम करने में मदद कर सकती है। गायों को रेडियम पट्टी पहनाई यह रेडियम पट्टी गायों को रात में आसानी से देखने में मदद करती है, जिसमे कोई भी गाय माता के साथ कोई किसी भी प्रकार के दुर्घटना आदि ना हो जिससे वाहन चालकों को सतर्क रहने और दुर्घटनाओं से बचने में मदद मिलती है। इस पहल में भारतीय हिंदू महासंघ की पूरी टीम के द्वारा किया जा रहा है जिसमें प्रदेश संगठन मंत्री डॉ सीता राम पटेल, जिला अध्यक्ष उदित सोनी, जिला उपाध्यक्ष जगेश राठौर, ललित गुप्ता, विशाल पटेल, आशु, रीतिश, ललित, दीपेश, सोनू, एवं पूरे मेरे सभी साथी उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों को निशुल्क साईकिल वितरण




**पटेरा।** पीएमश्री शासकीय हाईस्कूल कुण्डलपुर में कक्षा 06 एवं कक्षा 09 के विद्यार्थियों को निशुल्क साईकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के पालकों को साईकिल प्राप्त होने पर प्रशन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कुण्डलपुर के सरपंच पुरुषोत्तम लाल कुशवाहा जी एवं ग्राम के सम्माननीय नागरिक भूपेन्द्र सिंह चौहान, पुष्पेन्द्र सिंह, दीपू माली राहुल रैकवार एवं समस्त पालकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में सभी पालकों का आभार प्राचार्य जगदीश पटैल ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में शाला परिवार से भान कुमार चौरसिया, मुंशी लाल सैयाम अशोक गर्ग रामकिंकर उपाध्याय सुरेन्द्र सिंह श्रीराम पटेल योगेश पटैल निखिल गौतम श्रीमति रूपवती अहिरवाल श्रीमति तारा नामदेव श्रीमति विभा जैन श्रीमति रितिका चौकसे की उपस्थिति रही। कार्यक्रम सफल रहा।

## मारपीट के कारण हुई थी किसान की मौत

**पुलिस पर लगे कार्रवाई न करने के आरोप**

**छतरपुर।** जिले के बक्स्वाहा थाना क्षेत्र में एक किसान के साथ मारपीट के बाद उसकी मौत का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस पर कार्रवाई में लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायती आवेदन देकर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्राम जैतुपुरा, थाना बक्स्वाहा निवासी अमोल सिंह ने बताया कि वह कृषि कार्य करके अपने परिवार का भरण पोषण करता है। 17 जून को उनके पिता दयाराम सिंह ग्राम बगरौदा के हनुमान मंदिर दर्शन करने गए थे, जहां बैजनाथ दुबे उर्फ पैलू ने उनके साथ मारपीट की।

# नशा मुक्ति जनजागरुकता कार्यक्रम का आयोजन



**दमोह।** माधवराव सप्रे शासकीय महाविद्यालय पथरिया में एनएसएस छात्र/छात्रा इकाई एवं स्वामी विवेकानंद कॅरियर स्वामी मार्गदर्शन द्वारा आज दिनाक 22.07.2025 को नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष्य दीप प्रज्जवलित की गई। कार्यक्रम में पथरिया एसडीओपी सुश्री प्रिया सिंधी एवं पथरिया टी.आई. अमित मिश्रा उपस्थित हुए। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विनय वर्मा सभी विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी एसडीओपी सुश्री प्रिया सिंधी ने सोशल मीडिया, साइबर सुरक्षा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इसके पश्चात पथरिया टी आई अमित मिश्रा ने सभी को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। कार्यक्रम मे एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ जगदीश अहिरवार, डॉ. खुदैजा परवीन अंसारी, सत्यनारायन लाड़यिा, डॉ देवेश अहिरवार, डॉ बलबीर ठाकुर, श्री शेख ताज एवं महाविद्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी तथा अधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन श्री धर्मेंद्र कुशवाहा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रशासनिक अधिकारी डॉ. गजेंद्र नामदेव द्वारा व्यक्त किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय पाई दिवस मनाया



टाइम्स पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय पाई दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों ने पाई से संबधित गतिविधियों, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर छात्रों के द्वारा जीवन में गणित के महत्वको बताते हुए एक लघु नाटक प्रस्तुत किया गया। पाई दिवस मनाने का मुख्य उद्देष्य छात्रों को गणित के प्रति आकर्षित करना और पाई जैसे महत्वपूर्ण गणितीय अवधारणा को समझने में मदद करता है। इस अवसर पर शाला के गणित शिक्षक दीपक राज और प्राची जैन का सहयोग रहा। इस अवसर पर शाला के संचालक महोदय के पुत्र प्रियांश गुप्ता ने छात्रों का उत्साह वर्धनकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# दक्ष की पुत्री सती के रूप में साक्षात आदि शक्ति जगदंबा ने जन्म लिया था -पं रवि शास्त्री महाराज

**दमोह।** स्थानीय नंदीश्वर महादेव नंदी वन मंदिर परिसर में चल रहे श्री शिव महापुराण कथा के पांचवे दिवस में कथा व्यास पंडित रवि शास्त्री महाराज ने सती चरित्र सुनाया दक्ष प्रजापति की कई पुत्रियां थी सभी पुत्रियां गुणवती थीं। फिर भी दक्ष के मन में संतोष नहीं था वे चाहते थे उनके घर में एक ऐसी पुत्री का जन्म हो जो सर्व शक्तिसंपन्न हो एवं सर्व विजयिनी हो जिसके कारण दक्ष एक ऐसी हि पुत्री के लिए तप करने लगे तप करतेकरते अधिक दिन बीत गए तो भगवती आद्या ने प्रकट होकर कहा मैं तुम्हारे तप से प्रसन्न हूं तुम किस कारण वश तप कर रहे हों दक्ष नें तप करने का कारण बताय तो मां बोली मैं स्वय पुत्री रूप में तुम्हारे यहां जन्म धारण करूंगी मेरा नाम होगा सती मैं सती के रूप में जन्म लेकर अपनी लीलाओं का विस्तार करूंगी फलतः भगवती आद्या ने सती रूप में दक्ष के यहां जन्म लिया सती दक्ष की सभी पुत्रियों में सबसे अलौकिक थीं सतीने बाल्य अवस्था में ही कई ऐसे अलौकिक आश्चर्य चलित करने वाले कार्य कर दिखाए थे जिन्हें देखकर स्वयं दक्ष को भी विस्मयता होती रहती थी जब सती विवाह योग्य होगई तो दक्ष को उनके लिए वर की चिंता होने लगी उन्होंने ब्रह्मा जी से इस विषय में परामर्श किया ब्रह्मा जी ने कहा, सती आद्या का अवतार हैं आद्या आदि शक्ति और शिव आदि पुरुष हैं अतः सती के विवाह के लिए शिव ही योग्य और उचित वर हैं दक्ष ने ब्रह्मा जी की बात मानकर सती का विवाह भगवान शिव के साथ कर दिया सती कैलाश में जाकर भगवान शिव के साथ रहने लगीं भगवान शिव के दक्ष के दामाद थे किंतु एक ऐसी घटना घटीत होगई जिसके कारण दक्ष के ह्रदय में भगवान शिव के प्रति बैर और विरोध भाव पैदा हो गया एक बार देवलोक में ब्रह्मा ने धर्म के निरूपण के लिए एक सभा का आयोजन किया था सभी बड़ेबड़े देवता सभा में एकत्र होगये थे भगवान शिव भी इस सभा में बैठे थे सभा मण्डल में दक्ष का आगमन हुआ दक्ष के आगमन पर सभी देवता उठकर खड़े हो गए पर भगवान शिव खड़े नहीं हुए उन्होंने दक्ष को प्रणाम भी नहीं किया. फलतः दक्ष ने अपमान का अनुभव किया केवल यही नहीं उनके ह्रदय में भगवान शिव के प्रति ईर्ष्या की आग जल उठी वे उनसे बदला लेने के लिए समय और अवसर की प्रतीक्षा करने लगे एक बार सती और शिव कैलाश पर्वत पर बैठे हुए परस्पर वार्तालाप कर रहे थे उसी समय आकाश मार्ग से कई विमान कनखल कि ओर जाते हुए दिखाई पड़े सती ने उन विमानों को दिखकर भगवान शिव से पूछा प्रभो ये सभी विमान किसके है और कहां जा रहे हैं भगवान शकंर ने उत्तर दिया आपके पिता ने बहोत बडे यज्ञ का आयोजन किया हैं समस्त देवता और देवांगनाएं इन विमानों में बैठकर उसी यज्ञ में सम्मिलित होने के लिए जा रहे हैं इस पर सती ने दूसरा प्रश्न किया क्या मेरे पिता ने आपको यज्ञ में सम्मिलित होने के लिए नहीं बुलाया भगवान शंकर ने उत्तर दिया आपके पिता मुझसे बैर रखते है फिर वे मुझे क्यों बुलाने लगे सती मन ही मन सोचने लगीं फिर बोलीं यज्ञ के इस अवसर पर अवश्य मेरी सभी बहनें आएंगी उनसे मिले हुए बहुत दिन हो गए यदि आपकी अनुमति हो तो मैं भी अपने पिता के घर जाना चाहती हूं यज्ञ में सम्मिलित हो लूंगी और बहनों से भी मिलने का सुअवसर मिलेगा। भगवान शिव ने उत्तर दिया इस समय वहां जाना उचित नहीं होगा आपके पिता मुझसे जलते हैं हो सकता हैं वे आपका भी अपमान करें बिना बुलाए किसी के घर जाना उचित नहीं होता हैं इस पर सती ने प्रश्न किया एसा क्युं भगवान शिव ने उत्तर दिया विवाहिता लड़की को बिना बुलाए पिता के घर नही जाना चाहिए क्योंकि विवाह हो जाने पर लड़की अपने पति कि हो जाती हैं पिता के घर से उसका संबंध टूट जाता हैं लेकिन सती पीहर जाने के लिए हठ करती रहीं अपनी बात बारबात दोहराती रहीं उनकी इच्छा देखकर भगवान शिव ने पीहर जाने की अनुमति दे दी उनके साथ अपना एक गण भी साथ में भेज दिया उस गण का नाम वीरभद्र था सती वीरभद्र के साथ अपने पिता के घर गईं घर में सतीसे किसी ने भी प्रेमपूर्वक वार्तालाप नहीं किया दक्ष ने उन्हें देखकर कहा तुम क्या यहां मेरा अपमान कराने आई हो अपनी बहनों को तो देखो वे किस प्रकार भांतिभांति के अलंकारों और सुंदर वस्त्रों से सुसज्जित है.

## छात्र छात्राओं को किया साइकिल वितरण



**तेंदूखेड़ा।** मंगलवार को ब्लॉक के खमरिया अजीतपुर के शासकीय हाईस्कूल में साइकिल वितरण कार्यक्रम में कक्षा नवमी के छात्र छात्राओं को निशुल्क 40 साइकिल वितरण की इस दौरान ग्राम पंचायत खमरिया कला के सरपंच मालक सिंह यादव ने छात्र छात्राओं को साइकिल वितरण की उन्होंने कहा यह योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। साइकिल मिलने से छात्र छात्राओं को विद्यालय आने जाने में सुविधा होगी छात्र छात्राएं बिना किसी चिंता के अपनी पढ़ाई दूरी की वजह से नहीं छोड़ेंगे और अपने भविष्य को मजबूत करते हुए सपनों को साकार करेंगे। इस दौरान प्राचार्य लखन सिंह ठाकुर शिक्षक दामोदर नामदेव शिक्षक रामकुमार परस्ते शिक्षक रमाकांत धुर्वे एवं छात्र छात्राएं व शिक्षक मौजूद थे।

## युवा संगम मेला संपन्न

**दमोह।** आज शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में रोजगार एवं स्वरोजगार युवा संगम मेले का आयोजन किया गया। जिसमें शिवशक्ति बायोटेक जबलपुर, सिटी जॉब दमोह, क्विश कार्प अहमदाबाद, ग्रेट आर्गेनिक डायमण्ड, सागर चेकमेट स्किरिटी सर्विस बड़ौदा, भारतीय जीवन बीमा निगम दमोह, निताई ग्रुप दमोह के लिए साक्षात्कार हेतु 211 आवेदकों ने आनलाईन पंजीयन कराया, जिसमें 124 आवेदकों के लिए उपरोक्त साक्षात्कार उपरांत उपरोक्त कंपनियों द्वारा ऑफर लेटर वितरित किये गये। मेले में जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र दमोह नें संचालित योजना मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत 06 प्रकरण 51 लाख 85 हजार रूपये की ऋण राशि स्वीकृत किये गये।

# 50 छात्र छात्राओं को हुआ निशुल्क साइकिलों




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

स्कूल शिक्षा विभाग एवं मध्य प्रदेश शासन द्वारा निशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत मंगलवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जबेरा में राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के पिताश्री भाव सिंह लोधी के मुख्य आथित्य में एवं सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश सिंघई, महामंत्री रानू नामदेव, महामंत्री नीरज जायसवाल, मासाब खड़क सिंह एवं समस्त विद्यालय स्टाफ की उपस्थिति में 50 छात्र छात्राओं को निशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। इस दौरान राज्यमंत्री के पिताश्री भाव सिंह लोधी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत दूर दराज से आने वाले हमारे बालक बालिकाओं को विद्यालय तक पहुंचने में कोई परेशानी ना हो और समय पर स्कूल पहुंचे इसको ध्यान में रखते हुए मध्य प्रदेश सरकार द्वारा ऐसे छात्र-छात्राओं को निशुल्क साईकिलों का वितरण किया जा रहा है। सभी बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें और हमारी सरकार बालक बालिकाओं को पढाने का हर संभव प्रयास कर रही है जिसमें सरकार द्वारा हमारे बच्चों को निशुल्क पाठय पुस्तकें, निशुल्क गणवेश और अच्छे नंबरों से पास होने वाले छात्रों को लैपटॉप एवं स्कूटी भी सरकार द्वारा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब पढ़ने के लिए हमारे बच्चों को सरकार द्वारा कुछ नहीं दिया जाता था दूर दराज के बच्चे स्कूल नहीं आ पाए थे लेकिन अब हमारे बच्चों को पढाने की जिम्मेदारी सरकार ले रही है इसलिए सभी बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने माता-पिता अपने विद्यालय एवं अपने ग्राम का नाम रोशन करें। निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम में 13 बालिका और 37 बालकों को निशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका श्रीमती सुषमा जैन ने किया एवं आभार विद्यालय प्राचार्य मोहन सेन द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर शिक्षक वीरेंद्र विश्वकर्मा, एस एल ठाकुर, डीके खरे, श्रीमती सोनिया खरे, शैलेंद्र कुमार सेन, श्रीमती शशि मिश्रा, कुमारी रानी ठाकुर, जमुना प्रसाद राय, राजेश पाटकर, पवन कुमार राय, श्रीमती वर्षा सेन एवं समस्त विद्यालय स्टाफ सहित अनेक लोगों की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### लेखाधिकारी को सहायक पेंशन अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार

**दमोह।** अपर कलेक्टर मीना मसराम ने कार्यालयीन प्रणाली के सुचारू रूप से संचालन , पेंशन प्रकरणों, परिवार पेंशन प्रकरणों एवं पुनरीक्षित पेंशन प्रकरणों के समुचित निराकरण को दृष्टिगत रखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत लेखाधिकारी महेन्द्र कुमार अहिरवार कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दमोह को अपने कार्य के अतिरिक्त जिला पेंशन कार्यालय दमोह के सहायक पेंशन अधिकारी के रिक्त पद का अतिरिक्त प्रभार सौपा है।

### मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष सीताराम बाथम आयेंगे दमोह

**दमोह।** मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त सीताराम बाथम 22 जुलाई की रात्रि दमोह आयेंगे। आप 23 जुलाई को स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे तत्पश्चात शाम 05 बजे दमोह से सागर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### सहायक समिति प्रबंधकों से समिति प्रबन्धक पद पर चयन हेतु पात्रता सूची निरस्त

**दमोह।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में कार्यरत सहायक समिति प्रबंधकों से समिति प्रबन्धक पद पर चयन हेतु प्राथमिक पात्रता/अपात्रता सूची पूर्णतः प्रावधिक थी। प्राथमिक स्तर पर सूची के पुनः परीक्षण हेतु उक्त सूची को निरस्त कर दिया गया था। शीघ्र ही पुनः सूची प्रकाशित की जाएगी। ज्ञात हो कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में कार्यरत सहायक समिति प्रबंधकों से समिति प्रबन्धक पद पर चयन हेतु प्राथमिक पात्रता/ अपात्रता सूची प्रकाशित की गई थी। तत्पश्चात उक्त सूची में पात्र/ अपात्र अभ्यर्थियों को 15 दिवस के अंदर अभ्यावेदन का अवसर दिया गया था। इस प्रकार प्राप्त अभ्यावेदनों पर सुनवाई के पश्चात अंतिम सूची जारी की जाना थी। यह जानकारी सहायक पंजीयक सहकारी समितिया सौरभ ने दी।

### जनसुनवाई में 89 आवेदन प्राप्त

**दमोह।** चिन्हित पंचायतों में हुई जनसुनवाई में 89 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 71 का निराकरण किया गया और 18 आवेदन लंबित रहे, जिन्हें समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई में 178 लोगों की स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और 35 आधार कार्ड कार्य किया गया। जनसुनवाई में 254 आवेदन आयें।

### गैसाबाद जनपद सदस्य हेतु मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण रूप से संपन्न,3 बजे तक 60.17 मतदान

# प्रदेश में पहली बार पेपरलेस मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

एस.डी.एम एवं रिटर्निंग ऑफीसर राकेश सिंह मरकाम ने बताया क्षेत्र क्रमांक 16 गैसाबाद के निर्वाचन क्षेत्र के सभी 09 मतदान केंद्रो में सुबह 07 बजे से मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ हुई और 03 बजे की स्थिति में 60.17 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट किया, राज्य निर्वाचन आयोग से नियुक्त प्रेक्षक और अन्य अधिकारी सभी मतदान केंद्रों के भ्रमण पर रहे, सभी जगह सुचारू रूप से व्यवस्थाएँ और सभी केंद्रो में शांतिपूर्ण मतदान हुआ। एस.डी.एम रिटर्निंग ऑफीसर श्री मरकाम ने बताया इसी संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग से भी टेक्निकल टीम आई हुई है, जो कि इस पूरी प्रक्रिया की मॉनीटरिंग की और जो पेपरलेस मतदान हो रहा है, उसके प्रति हम लोग साथ ही मतदाता बहुत ही उत्सुक थे। राज्य निवार्चन अयोग के उपसचिव सुतेश शाक्य ने बताया कि राज्य निर्वाचन अयोग के द्वारा अभिनव पहल की है, पेपरलेस बूथ प्रणाली विकसित की है उसके द्वारा






हमने पंचायतों के इलेक्शन करवाए हैं और आज हम दमोह के 09 केंद्रों पर चुनाव संपन्न करा पाये है और मतदान सुबह 07 बजे प्रारंभ हुआ था बहुत ही शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ और जैसा आयोग ने सोचा था उसके अनुसार यह आगे बढ़ा है और कहीं कोई भी दिक्कत नहीं आयी और आयोग ने जो नवाचार किया है उससे मतदाता संतुष्ट है।

बीएलओ मोहम्मद करीमुल खान मतदान क्षेत्र क्रमांक 102 ने बताया कि आयोग द्वारा बहुत अच्छी व्यवस्था की गई है, इसमें मतदाताओं को परेशानी नहीं होती है क्योंकि मतदाताओं को मालूम नहीं होता है कि किस जगह किस केंद्र पर जाना है तो यहाँ पर हम लोग मतदाताओं की हेल्प कर रहे हैं तो मतदाता भी अच्छा महसूस कर रहे हैं कि उनको भटकना नहीं पड़ता है और यह बहुत अच्छी व्यवस्था है।

### इंटरनेट का कोई उपयोग नहीं हो रहा है और सारा कुछ सॉफ्टवेयर बेस्ड है- कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि आज बहुत ही खुशी का दिन है कि दमोह जिले को पेपरलेस मतदान के लिए चुना गया और यह हमारे जिले का ही नहीं, पूरे प्रदेश का पहला पेपरलेस मतदान है, जिसमें इंटरनेट का कोई उपयोग नहीं हो रहा है और सारा कुछ सॉफ्टवेयर बेस्ड है और मुझे देख करके बहुत खुशी हुई, यहाँ पर व्यवस्थाएँ काफी अच्छी की गई, एस.डी.एम राकेश सिंह मरकाम रिटर्निंग अधिकारी है और हमारे सीईओ जनपद पंचायत, एस.डी.ओ.पी पुलिस और सारे अधिकारी, कर्मचारियों की यह मेहनत का परिणाम है कि निर्वाचन बहुत अच्छे तरीके से हुआ। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया कि मैंने एजेंटों और मतदाता से बात की उन्होनें बताया कि सभी लोगो को एक नया और बढ़िया अनुभव यह मतदान दे रहा हैं और इसमें जो साइकिल है वह भी कम हुआ है पहले लगभग 01 से 1.25 मिनट पूरी प्रक्रिया में लगता था। अब 45 से 50 सेकंड में पूरी प्रक्रिया खत्म हो रही है तो यह बहुत अच्छा बदलाव है। कलेक्टर ने कहा हटा की पूरी टीम को बधाई देता हूँ, हमारे डिस्ट्रिक्ट के ई- गवर्नेस मैनेजर ने आई.टी की टीम जुटाने में बहुत मेहनत की है, यहाँ पर राज्य निर्वाचन आयोग की टीम आई हुई है, वह भी धन्यवाद के पात्र है वह लगातार मॉनीटरिंग का कार्य रहे है, उन्होनें कहा कि लोगो को नया और सुखद अनुभव मिल रहा है।

### शिकायत मिलने पर सर्वेयर को हटाने के निर्देश

# कलेक्टर ने मूंग खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

कृषि उपज मंडी हटा में मूंग खरीदी केंद्र बनाया गया जहां कुंवरपुर समिति द्वारा खरीदी की जा रही है लेकिन यहां शुरुआत से ही मूंग खरीदी में भी गुणवत्ता जांच के नाम पर मनमानी और रिश्वतखोरी की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। मेहनत की कमाई और अपनी ही फसल को बेचने के लिए किसानों को रिश्वत देना पड़ रहा है। जिसकी शिकायते मिलने पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने मंगलवार को अचानक हटा कृषि उपज मंडी में पहुंचकर चल रहे मूंग खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर किसानों की समस्याओं को सुना।

कलेक्टर ने सीधे मूंग खरीदी फड़ पर पहुंचकर जगह जगह लगे मूंग के ठेरी का निरीक्षण किया एवं उपस्थित नोडल अधिकारी से खरीदी की प्रक्रिया समझी और मौके पर ही उनका परीक्षण कराया जिसमें तीन ढेर में से एक ढेर सही पाया गया एवं अन्य दो ढेरी का मूंग परीक्षण पश्चात ही खरीदने के योग्य पाया गया। जहां उन्होंने सर्वेयर को बुलाकर अपने सामने परीक्षण कराया इसी दौरान कुछ किसानों ने दबी जवान से जब शिकायत की कि उन्हें मूंग खरीदी के डेढ़ सौ से दो सौ प्रति क्विंटल भुगतान करना पड़ रहे हैं तो कलेक्टर ने सख्ती दिखाते हुए शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मौजूद सर्वेयरों की गतिविधियों को भांपते हुए सख्त लहजे में मोबाइल से तुरंत ही जिला विपणन अधिकारी को हटा के लिए नियुक्त सर्वेयरों को हटाने के निर्देश दिए और यह भी निर्देश दिए कि अधिकारी अपने सामने ही मूंग की खरीदी प्रक्रिया सुनिश्चित कराएंगें। कुछ किसानों ने प्रांगण में पेयजल की समस्या बताई जिस पर कलेक्टर ने मूंग खरीदी के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए की तत्काल ही पेयजल की व्यवस्था की जाए। उन्होंने एसडीएम हटा को निर्देश दिए कि किसानों के लिए पीने के पानी का प्रबंध करें एवं कृषि खरीदी की प्रक्रिया राजस्व अधिकारी की उपस्थिति में करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सख्त लहजे में कहा कि मूंग खरीदी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी एवं अमानत स्तर का मूंग नहीं खरीदा जाएगा जो भी अधिकारी कर्मचारी यह गड़बड़ी करेगा उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

## धार्मिक नगरी बांदकपुर में पकड़ी 21 पेटी अवैध शराब

**बनवार।** जिलेभर में पुलिस का नशा मुक्ति अभियान बड़े जोर शोर से चल रहा है पुलिस के आला अधिकारी हो या मंत्री सांसद बड़े-बड़े भाषण दे रहे हैं और स्कूलों में पहुंचकर बच्चों को नशे से दूर रहने की समझाईश दी जा रही है। पुलिस की नशा मुक्ति अभियान की पोल खोलता सच, पूर्ण शराबबंदी धार्मिक नगरी बांदकपुर से सामने आया है। हिंडोरिया थाना की पुलिस चौकी बांदकपुर और मंदिर से 200 मीटर की दूरी परजागेश्वर नाथ स्कूल और सरस्वती स्कूल के बीच दामादी मोहल्ले से 21 पेटी अवैध शराब भगवती मानव कल्याण संगठन ने पुलिस को सूचना देकर पकड़वाई है। पुलिस ने शराब के साथ एक आरोपी को भी पकड़ा है और यह अवैध शराब सावन के दूसरे सोमवार की सुबह पकड़ी गई है जब पुलिस के छोटे से बड़े अधिकारी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की व्यवस्था के लिए भारी संख्या में पुलिस स्टाफ के साथ मौजूद थे। इससे प्रतीत होता है पुलिस का नशा मुक्ति अभियान महज दिखवा है कयोंकि जिले भर के थाना क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार खूब फल फूल रहा जिसको रोकना में अभी तक पुलिस नाकाम साबित हो रही है। हिंडोरिया थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर का कहना है सूचना पर बांदकपुर दामादी मोहल्ला से 21 पेटी अवैध शराब पकड़ी गई है और एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है यह अवैध शराब कहाँ से आई थी और किसने भेजी थी। पुलिस इस अवैध शराब तस्करी के नेटवर्क को खंगाल रही है। पुलिस के द्वारा थाना क्षेत्र में अवैध के खिलाफ बडी कार्रवाई की गई है।

## मुक्तिधाम में युवक ने लगाई फांसी

**हटा।** नगर में आत्महत्या का अनोखा मामला सामने आया जहां एक युवक ने मुक्तिधाम मैं फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश अहिरवार ने नगर के गौरीशंकर मंदिर के पास मुक्तिधाम में लगे पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली घटना की सूचना लोगों ने हटा थाना पुलिस को दी जहां पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर पंचनामा कार्यवाही कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपकर मामले को जांच में लिया है फिलहाल आत्महत्या का कारण अज्ञात है। लेकिन यहां मुक्तिधाम में गौर करने वाली बात है कि जब मुक्तिधाम में नगर पालिका परिषद द्वारा चौकीदार नियुक्त किया गया है लेकिन इसके बावजूद भी मुक्तिधाम में युवक द्वारा दिन में ही पेड़ से लटकर फांसी लगाकर आत्महत्या की गई यह चर्चा का विषय है। लोगों का कहना है कि यदि नियुक्त चौकीदार मुक्तिधाम में मौजूद होता तो यह घटना घटित नहीं होती चौकीदार की ड्यूटी को लेकर कई बार शिकायतें भी सामने आई। मुक्तिधाम में कई बार चोरी की घटनाएं भी घटित हुई है लेकिन नगर पालिका प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिये जान से मुक्तिधाम परिसर में घटनाएं घटित होने लगी है।

## पी.जी कॉलेज में आयोजित हुआ वृक्षारोपण



**दमोह।** पी.जी कॉलेज दमोह में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। यह कार्यक्रम विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पीपल का एक पौधा लगाकर एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान का प्रारंभ किया गया था। भारत सरकार की दिशा निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने हेतु 22 जुलाई 2024 से विद्यालय एवं महाविद्यालय में एनसीसी, एनएसएस एवं इको क्लब के माध्यम से वृहद स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। सामूहिक वृक्षारोपण के इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार जैन के निर्देशन में किया जा रहा है , डॉ. इंदिरा जैन द्वारा पीपल का वृक्ष लगाकर इस वृक्षारोपण के कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सभी अधिकारियों द्वारा एक-एक वृक्ष लगाए गए। एनसीसी अधिकारी डॉ. के.एस बामनिया, इको क्लब प्रभारी डॉ मीरा माधुरी महंत, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. वीपी सिंह एनएसएस जिला संगठक डॉ. जितेंद्र कुमार चौधरी, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी नाजनीन बेगम द्वारा वृक्ष लगाया गया एवं इस कार्यक्रम में अधिक संख्या में एनएसएस एनसीसी एवं इको क्लब के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## विनती स्कूल में कलेक्टर ने छात्रों को खिलाई आयरन की गोलियां

**दमोह।** हटा ब्लाक के स्कूली बच्चों को आयरन की गोलियां खिलाने एकीकृत हाई स्कूल विनती पहुंचे कलेक्टर दमोह सुधीर कोचर द्वारा छात्र छात्राओं को आयरन की गोलियां खिलाई गई स्वयं भी खाईं, स्टाफ को खिलाईं ओर उसके फायदे भी बताए गए। इस दौरान कलेक्टर श्री कोचर छात्र छात्राओं से बात करते समय छात्रो द्वारा मध्यान्य भोजन की गुणवत्ता को लेकर शिकायत की गई। छात्र छात्राओं द्वारा बताया गया कि मीनू अनुरूप भोजन नहीं मिलता है, शिकायत को गंभीरता से लेकर कलेक्टर श्री कोचर द्वारा डी.पी.सी मुकेश द्विवेदी को तत्काल जांच के आदेश दिए गए।

## चैक बाउंस के आरोपी को 6 माह का कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

प्रधान न्यायाधीश पी.सी. गुप्ता. द्वारा प्रस्तुत अपील के निर्णय मानते हुये निरस्त कर दी है। परिवादी की ओर से अधिवक्ता मनीष चौबे ने बताया पैरवी की अधिवता के अनुसार सौरभ राय पिता सुबोध राय उम्र 29 वर्ष निवासी यूनियन बैंक के सामने दमोह जिला दमोह आरोपी तिलक सिंह लोधी पिता रतन सिंह लोधी साकिन ग्राम मंगोलपुर कुड़ी तहसील पटेरा जिला दमोह परिवादी सौरम राय से तिलक सिंह लोधी के मध्य काफी लम्च समय से अच्छी जान पहचान है एवं मधुर संबंध चलते है। परिवादी से माह अप्रैल 2018 में कृषि कार्य के लिये एवं अपनी व्यक्तिगत आवश्यकता को बताकर 6,30,000 रुपये अंकन छः लाख तीस हजार रूपये की राशि उधार दिये थे और माह जुलाई 2010 में आपकी संपूर्ण राशि चुकता कर दूंगा परिवादी ने माह जुलाई 2018 में सपर्क किया और राशि की माँग की तब तिलक सिंह लोधी ने यूनियन बैंक शाखा दमोह का दिनांक 1-7-2018 का राशि भरकर हस्ताक्षर कर दिया था आरोपी के खाते में राशि न होने से चैक माउंस हो गया परिवादी को कोई राशि प्राप्त नहीं हुई, न्यायालय में केश पेश किया विचारण न्यायालय ने मामले को सिद्ध पाते हुये आरोपी को 6 माह का कारावास एवं प्रतिकर राशि 9,99,200 रूपये नौ लाख निन्यानवे हजार दो सौ रूपये दण्डादेश पारित किया था इस निर्णय के विरूध आरोपी ने सत्र न्यायाधीश मैं अपील पेश की प्रधान न्यायाधीश पी.सी. गुप्ता ने आरोपी द्वारा न्यायालय के विरुद्ध उठाये गये तथ्यों को योग्य नहीं मानते हुए दण्डादेश को सही व उचित मानते हुये हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं मानकर आरोपी को 6 माह का कारावास सहित प्रतिकर की राशि 9,99,200 नो लाख निन्यावने हजार दो सौ रूपये की राशि व सजा को बरकरार रखी है। मामले की पैरवी अधिवक्ता मनीष चौबे ने की।

## महिला पर जानलेवा हमला, ग्रामीणों ने की कठोर कार्यवाही की मांग

एएसपी शिकायत करने पहुंचे ग्राम वासियों ने की कठोर कार्रवाई की मांग

**बनवार।** हिंडोरिया थाना की बांदकपुर पुलिस चौकी के ग्राम बलारपुर के ग्राम वासियों ने एडिशनल एसपी सुजीत भदोरिया को एक ज्ञापन दिया है जिसमें बताया बलारपुर में आदतन अपराधी खिलन पिता जुग्गा अठ्या एवं परम अठ्या पिता जुग्गा अठ्या ने अनीता तिवारी पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया। दोनों आरोपी गाली गलौज कर रहे थे, जिन्हें गांव के लोगों ने मना किया। अनीता तिवारी भी वहां पहुंची और गाली देने से मना किया, जिसपर आरोपियों ने हमला कर दिया। परम अठ्या ने बल्लम से सिर में हमला किया, जबकि खिलन अठ्या ने तलवार से हाथ में वार किया। हिंडोरिया थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है और जिला अस्पताल में इलाज जारी है। गांव के सैकड़ों लोगों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया गया है और आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। आरोपी पूर्व में मडर, चोरी, डकैती सहित अन्य मामलों में सजा काट चुके हैं और गांव में गुंडागर्दी और भय का माहौल बना हुआ है। एडिशनल एसपी ने ग्राम वासियों को अपराधियों को जिला बदल और कठोर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है।

## सेवानिवृत्ति के बाद भी विनती स्कूल में निःशुल्क सेवाएं दे रहे शिक्षक

**दमोह।** हटा ब्लाक के विनती गांव के हाईस्कूल में शिक्षक सुरेंद्र अग्रवाल सेवानिवृत्ति के बाद भी स्कूल में निःशुल्क सेवाएं देकर शिक्षा की अलख जगा रहे हैं,फरवरी माह में शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त होने के बाद भी शिक्षक सुरेंद्र अग्रवाल



हटा से करीब 6 किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल पँहुचते और हाईस्कूल के विद्यार्थियों के नियमित चार कालखंड अध्यापन कार्य कराते हैं, दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने विनती गांव के हाई स्कूल के भ्रमण के दौरान शिक्षक सुरेंद्र अग्रवाल से मुलाकात की तो स्कूल शिक्षकों ने शिक्षक का परिचय कराया उनके पढ़ाने की कार्यशैली सुनकर कलेक्टर ने भी शिक्षक की प्रशंसा की। शिक्षक सुरेंद्र अग्रवाल ने अपनी पदस्थापना के दौरान करीब 6 वर्ष पूर्व यहां स्वयं के वेतन से छात्र-छात्राओं की बैठने के लिए स्कूल कक्ष का निर्माण भी कराया था।

## छात्रवृत्ति न मिलने पर एक वर्ष की छात्रवृत्ति के रूप में दिया चैक

**दमोह।** लायंस क्लब दमोह एवं दमोह दमयंती के नए सत्र के शपथ ग्रहण समारोह में महारानी लक्ष्मीबाई की छात्रा को त्रुटिवश छात्रवृत्ति न मिलने पर एक वर्ष की छात्रवृत्ति के रूप में रु.11000 की राशि का चेक प्रदान किया गया, साथ ही रामकुमार स्कूल और टाइम्स स्कूल के एक-एक छात्र को शाला शुल्क के रूप में चेक सोपे गये। प्राइमरी स्कूल के छात्रों को 30 जोड़ी जूते ला. सनमीत सिंह जुनेजा ने प्रदान किये। 30 छात्रों हेतु कापी-नोट बुक पेन के सेट वितरित किये गए। स्वागत भाषण में पूर्व अध्यक्ष ला. राकेश अग्रवाल ने सेवा गतिविधियों पर प्रकाश डाला, कार्यक्रम में जबलपुर से पधारे पूर्व गवर्नर ला.नरेंद्र जैन,ला. उमेश जैन,श्रद्धा साहू और ला. अंकिता जैन की उपस्थिति में लायन्स क्लब दमोह के अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, सचिव डॉक्टर मनीष संगतानी और कोषाध्यक्ष डॉ. हरिओम दुबे तथा लायंस क्लब दमोह दमयंती के अध्यक्ष



दीपक अग्रवाल सचिव इं. गौरव जैन कोषाध्यक्ष सनमीत सिंह जुनेजा के साथ ही पूरी टीम को शपथ दिलाई गई। ला.सुशील गुप्ता ने सफल संचालन किया। राजेंद्र अग्रवाल कैप्टन वाधवा, निशांत चौरसिया, अभिषेक गोयल ला. आलोक असाटी और ला. जुगल अग्रवाल ने कार्यक्रम संयोजन किया, पूर्व अध्यक्ष ला. राजेंद्र सिंह बग्गा सभी का आभार माना।

## सैलबाडा में चार में से तीन शिक्षक मिले अनुपस्थित

**तेंदूखेड़ा।** जबलपुर दमोह से आते है शिक्षक सरपंच ने की इस संबंध में उच्च अधिकारियों से शिकायत तेंदूखेड़ा। वनांचल के अंदरुनी इलाकों के सरकारी स्कूलों में पढ़ाई का बुरा हाल है। शिक्षकों के समय पर स्कूल पहुंचने का कोई समय निर्धारित नहीं है। जिसके चलते समय पर स्कूल खुल नहीं पा रहे हैं। बच्चे समय पर स्कूल आ रहे हैं। लेकिन शिक्षक समय पर स्कूल नहीं पहुंच रहे हैं। जिसके चलते स्कूली बच्चों को घंटों स्कूल खुलने का इंतजार करना पड़ता है। ताजा मामला मंगलवार का है जब सैलवाला प्राथमिक शाला में ग्राम की सरपंच ने स्कूल जायजा लिया तो स्कूल में केवल एक शिक्षिका ही उपस्थित मिली उन्होंने इस व्यवस्था पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को नसीहत देने की बात कही है। नगर से लगभग 25 किलोमीटर दूर वनांचल में स्थित सैलवाडा स्कूल में जो शिक्षक शिक्षा देने बच्चों को जाते हैं वह जबलपुर ,पाटन ,तेंदूखेड़ा से पहुंचते हैं जिसके कारण कभी भी वह 11 बजे की पहले स्कूल नहीं पहुंचती जिससे ग्राम के अभिभावक तो परेशान हैं ही साथ में बच्चे भी कई बार स्कूल का ताला नहीं खुलने पर परेशान होते है इस दौरान प्रशांत चौबे मेरे साथ थे।

### इनका कहना है

सैलवाडा सरपंच नीतू साहू ने बताया कि लगातार शिकायत मिलने के बाद मंगलवार को 10.45 पर मेरे द्वारा प्राथमिक शाला का जायजा लिया गया केवल अनीता गोस्वामी उपस्तिथ थी, बाकी तीन शिक्षक अनुपस्थित थे जिसके बाद सरपंच द्वारा इसकी शिकायत उच्चाधिकारीयो से की गई।

## जनसुनवाई में अधिकारियों के न पहुंचने पर ग्रामीणों ने जताई नाराज़गी

**सिंग्रामपुर।** ग्राम पंचायत सिंग्रामपुर में मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याएं संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखीं। ग्रामीणों ने नल-जल योजना के बंद होने, वार्ड क्रमांक 05 में स्थित जी.एस. माध्यमिक शाला तक सीसी रोड निर्माण तथा सहसना रोड पर दोनों ओर खकरी निर्माण कार्य की मांग को लेकर आवेदन प्रस्तुत किए। ग्रामीणों ने शिकायत की कि जनसुनवाई में अक्सर कम ही अधिकारी उपस्थित रहते हैं, जिससे समस्याओं का समाधान समय पर नहीं हो पाता। इस बार भी प्रमुख विभागों जैसे विद्युत मंडल, नल-जल योजना और वन विभाग के अधिकारी जनसुनवाई में अनुपस्थित रहे, जिससे कई आवेदनों का मौके पर निराकरण नहीं हो सका। जनसुनवाई में राजस्व विभाग से देवेंद्र पटवारी, पंचायत विभाग से महेंद्र सिंह ठाकुर, कृषि विभाग से के.एल. चौरसिया, तथा आंगनवाड़ी से दमयंती तिवारी, किरण जैन और मीनू राय उपस्थित रहीं ग्राम के प्रमुख नागरिकों में श्री मुल्लामचंद जैन, रमेश राय, लल्लू शुक्ला, संजय दुबे सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि भी जनसुनवाई में मौजूद रहे।

## तारादेही हाईस्कूल में हुआ साइकिल वितरण कार्यक्रम

**तेन्दूखेड़ा/तारादेही।** ब्लॉक के तारादेही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्र छात्राओं को शासन की योजना के अंतर्गत निशुल्क साइकिल वितरण का कार्यक्रम तारादेही सरपंच प्रतिनिधि व शिक्षकों की मौजूदगी में



संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि मुकेश जैन चंद्रेश छतपुरिया थे। इस कार्यक्रम में 3से5 किमी की दूर तय कर विद्यालय पहुंचने वाले छात्र छात्राओं को सोमवार को निःशुल्क साइकिल वितरण की गई। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि मुकेश जैन ने कहा विद्यार्थियों की पढ़ाई को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासन द्वारा कई तरह की योजनाएं चलाई जा रही है। इसी में से एक साइकिल वितरण एक महत्वपूर्ण योजना है संसाधनों के अभाव में किसी भी विद्यार्थी की पढ़ाई ना छूटे इसलिए निशुल्क साइकिल वितरण की जा रही है। इस दौरान प्राचार्य एच एन मरावी सहित स्कूल के छात्र छात्राएं व शिक्षक शिक्षिकाओं की मौजूद थे।